मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

वर्ष : 46 ■ अंक : 11 ■ रविवार 15 मार्च 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**फिल्म इंडस्ट्री को लेकर तनुश्री दत्ता का गंभीर दावा**

# गैस सिलेंडर की कमी से हड़कम्प

## ■ ठाणे जिला प्रशासन की बड़ी तैयारी




**उल्हासनगर.** ईरान-इज़राइल युद्ध के बैकग्राउंड में देश में फ्यूल सप्लाई को लेकर जहां कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं, वहीं जिला प्रशासन ने ठाणे जिले में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर की आसानी से सप्लाई पक्का करने के लिए खास कदम उठाए हैं। गैस की संभावित कमी को रोकने और गैस सप्लाई चेन पर नज़र रखने के लिए जिला लेवल पर एक खास कमेटी बनाई जा रही है।

जिला कलेक्टर की अगुवाई वाली इस कमेटी में पुलिस प्रशासन, जिला सप्लाई अधिकारी और सरकारी तेल कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कमेटी गैस सिलेंडर की आसानी से सप्लाई पक्का करने, ट्रांसपोर्टेशन और डिस्ट्रीब्यूशन प्रोसेस में रुकावटों से बचने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोज़ाना स्थिति का रिव्यू करेगी।

गैस सिलेंडर की आसानी से सप्लाई पक्का करने के लिए फूड एंड सिविल सप्लाई डिपार्टमेंट के ज़रिए पूरे राज्य में कंट्रोल रूम और जिला-स्तरीय कमेटी बनाने का फैसला किया गया है। इसी के मुताबिक, ठाणे जिले में यह कमेटी बनाई जा रही है। मुंबई-ठाणे राशनिंग एरिया में राशनिंग कंट्रोलर के कंट्रोल में एक अलग कोऑर्डिनेशन सिस्टम बनाया गया है और पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन के लगातार कॉन्टैक्ट में रहकर गैस डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम पर नज़र रखी जाएगी।

पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन को यह भी ज़िम्मेदारी दी गई है कि अगर ज़रूरत पड़ी तो वह गैस एजेंसियों, ट्रांसपोर्ट गाड़ियों और डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर्स को पुलिस प्रोटेक्शन देगा। ठाणे ज़िले में हॉस्पिटल, सरकारी हॉस्टल, स्कूल-कॉलेज में कैंटीन, मिड-डे मील स्कीम, आश्रम स्कूल और कम्युनिटी किचन जैसी ज़रूरी सर्विसेज़ को LPG गैस प्रायोरिटी पर सप्लाई करने का फ़ैसला किया गया है। इसके लिए ऐसे इंस्टीट्यूशन्स की एक अलग लिस्ट तैयार की जाएगी और उसी हिसाब से सप्लाई की जाएगी। फ़िलहाल, होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन्स के साथ मीटिंग करने और ज़रूरत पड़ने पर दूसरे फ्यूल इस्तेमाल करने के ऑप्शन देखने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, ऐसे ऑप्शन इस्तेमाल करते समय महाराष्ट्र पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के नियमों का पालन करना ज़रूरी होगा।

गैस सप्लाई को लेकर अफ़वाहें फैलने से रोकने के लिए रोज़ाना रेडियो, FM, टेलीविज़न और प्रिंट मीडिया के ज़रिए जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ इन्फॉर्मेशन एंड पब्लिक रिलेशन्स और डिस्ट्रिक्ट कमेटी सोशल मीडिया पर झूठी और फेक खबरों के खिलाफ भी एक्शन लेंगे।

### गैस सिलेंडर से जुड़ी शिकायत के लिए हेल्पलाइन जारी

- पश्चिम एशियाई देशों में चल रहे तनावपूर्ण मिलिट्री संघर्ष ने दुनिया भर में फ्यूल सप्लाई को लेकर कई तरह की चर्चाओं को हवा दी है। इसी बैकग्राउंड में, कुछ जगहों पर घरेलू LPG गैस की कमी होने की अफवाहें फैलने लगी हैं।
- ठाणे डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने नागरिकों के लिए एक खास कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं, जिसमें साफ किया गया है कि ऐसी किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें, गैस सप्लाई ठीक से चल रही है। इसके लिए मोबाइल नंबर 9372338827 और टेलीफोन नंबर 022-25301740 जारी किए गए हैं।

**9372338827**
**022-25301740**

- ठाणे डिस्ट्रिक्ट सप्लाई ऑफिस की तरफ से डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफिस में एक डिजास्टर मैनेजमेंट कंट्रोल रूम शुरू किया गया है। नागरिक, मीडिया, गैस कंज्यूमर और पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव गैस सप्लाई से जुड़ी कोई भी समस्या, शिकायत या शक होने पर इस कंट्रोल रूम में कॉन्टैक्ट कर सकते हैं। इसके लिए एक मोबाइल नंबर जारी किया गया है।

### राशन ऑफिस का दावा गैस सप्लाई सुचारू

ऑयल कंपनियों को गैस बुकिंग ऐप और मिस्ड कॉल सर्विस में आ रही टेक्निकल दिक्कतों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। डिस्ट्रिक्ट और तालुका लेवल पर तुरंत कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे और शिकायत सुलझाने के लिए WhatsApp की सुविधा भी दी जाएगी। आने वाले धार्मिक त्योहारों और उत्सवों को देखते हुए, पब्लिक जगहों पर LPG सिलेंडर की बिना रुकावट सप्लाई बनाए रखने को प्राथमिकता दी जाएगी।

गैस सिलेंडर सप्लाई को लेकर लोगों में पैनिक न फैले, इसके लिए लोकल पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव और ग्राम पंचायत मेंबर से मदद लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। LPG ट्रांसपोर्ट करने वाली गाड़ियों के साथ-साथ गैस एजेंसियों को ज़रूरी पुलिस प्रोटेक्शन देने की ज़िम्मेदारी पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन को सौंपी गई है। डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन, राशनिंग कंट्रोलर और ऑयल कंपनियों के लिए रोज़ाना स्टॉक स्टेटस और अपडेटेड रिपोर्ट स्टेट-लेवल कंट्रोल रूम को देना ज़रूरी कर दिया गया है।

## अंबरनाथ नपा जनरल बॉडी मीटिंग में शिवसेना-भाजपा में तनातनी



- ■ शिवसेना ने संख्या बल के आधार पर भाजपा को सबक सिखाया
- ■ सेना ने अपने 32 प्रभाग के कामों को मंजूरी दी
- ■ भाजपा के 27 प्रभाग को किया नामंजूर

⏩ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद की जनरल बॉडी मीटिंग में शिवसेना-भाजपा में भारी तनातनी देखने को मिली. भारी हंगामा हुआ. बस एक-दूसरे का कॉलर पकड़ने की देरी रह गई थी. जनरल बॉडी सुबह 11 शुरू हुई, लेकिन शाम में मीटिंग खत्म होते-होते संख्या बल के आधार पर भाजपा को सबक सिखाया. सेना ने संख्या बल के आधार पर उनके नगरसेवकों के 32 परभाग के विकास कामों के विषय को मंजूर करा लिया औब भाजपा-कांग्रेस के 27 प्रभाग के मुद्दों को नामंजूर किया.

अब्दुल शेख ने पहले सेना के 32 प्रभाग के मुद्दों को पढ़कर सुनाया, बाद में भाजपा कांग्रेस के 27 मुद्दों को अपने 32 संख्या बल के आधार पर नामंजूर कराया. बाद में सेना के रवि करंजुले, अब्दुल शेख ने पत्रकारों को बताया कि इससे पूर्व की सभा में भी उनके पास 32 नगरसेवकों का संख्या बल था. लेकिन भाजपा का नगराध्यक्षा ने भाजपा-कांग्रेस के तीन स्वीकृत नगरसेवकों को मंजूरी दी जबकि उन्हें सेना - राकांपा गठबंधन के तीन स्वीकृत नगरसेवकों को मंजूरी देना था. शिवसेना ने भाजपा के 27 प्रबाग के कामों को 32 के सेना के संख्या बल से नामंजूरी देते हुए ये बता दिया है कि वह उस समय भी पूर्ण संख्या में थे और आज भी संख्या बल में है. नगराध्यक्षा ने इस पर से नाराजी व्यक्त करते हुए कहा है कि सांसद शिंदे को विजन मेन कहा जाता है. उनके नगरसेवकों ने जो किया वह ठीक नहीं किया है.

भाजपा के अभिजीत करंजुले एवं प्रदीप पाटिल ने कहा कि उनके नगरसेवकों को जनता ने चुनकर दिया है. प्रभाग की जनता के साथ अन्याय किया गया है. अब्दुल शेख ने कहा है कि अंबरनाथ में शिवसेना इज दी बॉस.. जीबी में हंगामा ही हंगामा रहा. नगराध्यक्षा ने स्वीकृत नगरसेवकों के चुनाव में मनमानी किया है. मनमानी शब्द पर बड़ा हंगामा हुआ. भाजपा के नगरसेवकों ने उप नगराध्यक्षा सदाशिव पाटिल को मामा कहा, तो हंगामा हुआ.

## प्रदीप पाटिल ने अब्दुल शेख पर लगाए गंभीर आरोप

■ **चिंचपाड़ा खदान साफ करने पर 60 लाख रुपए खर्च पर दोनों में हुई तनातनी**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में चिंचपाड़ा खदान में से कचरा एवं मिट्टी निकालने पर 60 लाख रुपयों का खर्च आएगा. खदान को साफ करने के लिए इतना खर्च क्यों? ऐसा प्रश्न शिवसेना के अब्दुल शेख द्वारा प्रशासन एवं नगराध्यक्षा से जीबी में पूछे जाने पर भाजपा की ओर से बोलते हुए प्रदीप पाटिल ने अब्दुल शेख पर जातिवाद होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस खदान में गणपति का विसर्जन किया जाता है. इसका विरोध अब्दुल शेख कर रहे हैं. जबकि अब्दुल शेख ने कहा कि उनका खदान साफ करने का विरोध नहीं है. 60 लाख रुपयों की रकम ज्यादा होती है. क्या सोने के जेसीबी से खदान को साफ किया जाएगा.

इस पर से नगर अभियंता पंकज उन्हाले ने खुलासा दिया कि 60 लाख रुपए खर्च करके क्या-क्या किया जाएगा. उसके बाद विषय को मंजूरी दी गई. सभा खत्म होने के बाद अब्दुल शेख ने पत्रकारों को बताया कि वह सन 95 से लगातार नगरसेवक चुनकर आ रहे हैं. आज तक किसी भी नगरसेवक ने उन पर इतना गंभीर आरोप नहीं लगाया है. वह बांगड़ी गली व्यापारी एसोसिएशन के लिए कई वर्षों से काम कर रहे हैं. पर प्रदीप पाटिल ने जो आरोप उन पर लगाया है, वह अशोभनीय है. उन्हें ऐसा आरोप नहीं लगाया चाहिए थे.

## अंबरनाथ में गैस सिलेंडर की कमी 24 घंटा नियंत्रण कक्ष की स्थापना

■ **राशन कार्यालय में करें शिकायत**

**अंबरनाथ.** ईरान-इजराइल जंग के कारण अंबरनाथ में भी गैस सिलेंडर की कमी की शिकायतें हैं. व्यावसायिक गैस सिलेंडर नहीं मिलने से कई होटलें, ढाबे आदि बंद हो गए हैं. अगर किसी को घरेलू गैस सिलेंडर मिलने में परेशानी है तो वह अंबरनाथ राशनिंग कार्यालय (फ) विभाग से संपर्क करने को कहा गया है. राशन विभाग के अधिकारी पाटसुटे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा है कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर सप्लाई में कोई कमी नहीं है. जनता घबराए नहीं. जंग के कारण मार्ग पर कुछ अड़चनें होने की वजह से व्यावसायिक गैस सिलेंडर सप्लाई में तकलीफें आ रही हैं, लेकिन घरेलू गैस इस्तेमाल करने के लिए पूरा स्टॉक मौजूद है. ऐसा दावा उन्होंने किया है और ये भी कहा है कि सिलेंडर की डिलीवरी भी शुरू है. जनता अफवाहों पर ध्यान न देते हुए अनावश्यक गैस सिलेंडर की जमाखोरी ना करे.

एलपीजी गैस सिलेंडर घरेलू सप्लाई में समस्या उत्पन्न हो तो उप नियंत्रक राशन कार्यालय फ परिमंडल के कार्यालय में 24 घंटे नियंत्रण कक्ष कायम किया गया है. उन्होंने एक मोबाइल नंबर 8169230665 जारी करके कहा है कि शिकायत कर्ता 24 घंटे इस पर शिकायत कर सकते हैं. आपातकालीन नियंत्रण कक्ष फ परिमंडल 13 मार्च को ये परिपत्रक जारी किया गया है.

### सिंधी समाज के नववर्ष चेटीचंड के पावन पर्व पर

## 19 मार्च को महा बाइक रैली का आयोजन






**उल्हासनगर।** सिंधी समाज के नववर्ष चेटीचंड के पावन पर्व पर उल्हासनगर शहर में हर साल की तरह इस वर्ष भी महा बाइक रैली का आयोजन गुरुवार 19 मार्च को किया गया है। इस महा बाइक रैली में हजारों की संख्या में शामिल होने की अपील चेटीचंड महाबाईक रैली के आयोजक महेश सुखरामानी, भारत राजवानी (गंगोत्री), शंकर नागरानी, अनिल बठिजा, हीरो बोधा, जयराम खत्री, सोनू विशनानी, दीपक मंगतानी रंगीला व महेश मूलचंदानी ने झूलेलाल भक्तों से की है।

ज्ञात हो कि इस वर्ष चेटीचंड के महापर्व पर इस महा बाइक का आयोजन गुरुवार 19 मार्च 2026 को किया गया है। यह रैली उल्हासनगर-1 स्थित रिजेंसी एंटीलिया से निकाली जाएगी जहां सुबह 10 बजे झूलेलाल मंदिर प्रमुख भाऊ लीलाराम मंडली द्वारा बहराणा साहिब का आयोजन किया गया है। उसके बाद झूलेलाल के भक्तों द्वारा नाचते-गाते हुए इस रैली की शुरुआत करेंगे। सुबह करीब 11 बजे यह महा बाइक रैली एंटीलिया कैम्प 1 से निकाली जाएगी और बिर्ला गेट, शिव रोड, कैम्प 1 बस स्टॉप, निरंकारी हॉल, गोल मैदान मुख्य गेट, नेहरू चौक, फर्निचर बाजार, शिवाजी चौक, 17 सेक्शन चौक, हिराघाट, पवाई चौक, कैम्प 4 मुख्य बाजार, वीनस चौक हेमू कालानी पुतला, नेताजी चौक, गांधी रोड, चालीया साहिब चौक, कैम्प 5 बस स्टॉप और शहर के प्रमुख चौक पर सन्मानीय महापुरुषों के पुतले पर माल्यार्पण कर यह रैली दोपहर 2 बजे कैम्प 5 स्थित कैलाश कॉलोनी में जय झुलेलाल प्रवेश द्वार तक समाप्त होगी। इस रैली में सिंधी समाज के सभी व्यापारी भाई, राजनीतिक पार्टी के नेता, कलाकार व संत महात्मा बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## फेरीवालों के दस्तावेजों की जांच शुरू

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली इलाके को बांग्लादेशी घुसपैठियों से मुक्त करने के लिए पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। पिछले कुछ दिनों में शहर के अलग-अलग इलाकों में संदिग्ध विदेशी नागरिकों के रहने की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने विशेष जांच अभियान शुरू किया है।

इसी कड़ी में शनिवार को खड़कपाड़ा पुलिस ने अपने क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए कई फेरीवालों को पुलिस थाने बुलाकर उनके दस्तावेजों की जांच की। पुलिस को आशंका है कि कुछ घुसपैठिए हाई-प्रोफाइल सोसायटियों में घरेलू कामगार या सड़क किनारे फेरीवाले के रूप में रह रहे हो सकते हैं।

## उल्हासनगर मनपा की आम बैठक 18 मार्च को




**उल्हासनगर.** मनपा की आम बैठक 18 मार्च को महापौर अश्विनी निकम की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में स्टैंडिंग कमेटी के 16 सदस्यों के चुनाव और अलग-अलग स्पेशल कमेटियों के गठन पर चर्चा होगी। इस बारे में मनपा सचिव अनंत जवादवार ने जानकारी दी।

आम बैठक में टॉपिक नंबर 1 और 2 के एब्स्ट्रैक्ट पेश किए जाएंगे। इस बीच, अगर सदन की संख्या में कोई बदलाव होता है, तो इसकी जानकारी अलग से दी जाएगी, यह भी जवादवार ने साफ किया। आम बैठक में मनपा के प्रशासन और विकास कार्यों से जुड़े जरूरी मुद्दों पर चर्चा होगी। जनवरी में हुए आम चुनावों में चुने गए नगरसेवकों में से स्टैंडिंग कमेटी के लिए 16 सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। राजनीतिक हलकों का ध्यान इस बात पर है कि किस पार्टी से कितने सदस्य होंगे, खासकर शिवसेना और भाजपा के कितने सदस्यों को स्टैंडिंग कमेटी में जगह मिलेगी। अलग-अलग स्पेशल कमेटियों के गठन का मुद्दा भी इस आम बैठक में उठाया जाएगा। ये कमेटियां शहर के अलग-अलग डिपार्टमेंट से जुड़े काम को और अच्छे से करने का काम कर रही हैं। इनमें एजुकेशन, महिला और बाल कल्याण, पब्लिक हेल्थ, पब्लिक वर्क्स, प्लानिंग, स्पोर्ट्स, रेवेन्यू वगैरह से जुड़ी कमेटियां शामिल हैं। इन कमेटियों में किन कॉर्पोरेटर्स को अपॉइंट किया जाता है, इस पर भी सबका ध्यान है।

मनपा चुनाव में वंचित बहुजन आघाड़ी के दो नए कैंडिडेट, सुरेखा सुरेश सोनवणे और विकास खरात चुने गए हैं। पार्टी लीडर एडवोकेट प्रकाश आंबेडकर और यूथ लीडर सुजात आंबेडकर की कैंपेन मीटिंग्स की वजह से वंचित को शहर में अच्छा रिस्पॉन्स मिला। उसके बाद, डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मोनू पवार और स्पोक्सपर्सन सोनू पवार ने MP डॉ. श्रीकांत शिंदे से पावर शेयरिंग की कंडीशन पर बातचीत की और शिवसेना को सपोर्ट किया, ऐसी खबर है। इन पॉलिटिकल डेवलपमेंट्स के बैकग्राउंड में, वंचित बहुजन आघाड़ी के रिप्रेजेंटेटिव्स को भी स्टैंडिंग कमेटी या स्पेशल कमेटियों में मौके मिलने की पॉसिबिलिटी पॉलिटिकल सर्कल्स में जताई जा रही है।

### फार्मासिस्ट से 14 लाख की ठगी

**कल्याण.** खड़कपाड़ा क्षेत्र में एक फार्मासिस्ट महिला को मोटे मुनाफे का झांसा देकर 14 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़िता पूनम मिलिंद शिरसाठ (36) वर्टेक्स स्काय सोसाइटी में रहती हैं और मेडिकल स्टोर चलाती हैं। उन्होंने खड़कपाड़ा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, अकोला और न्यू पनवेल के रहने वाले योगेश हांडे, रूपाली ढोमसे और जादूगर उर्फ पंढरीनाथ हांडे ने उन्हें "हांडे ट्रेडिंग कंपनी" में निवेश करने पर भारी मुनाफे का लालच दिया। आरोप है कि आरोपियों ने ऑनलाइन निवेश के नाम पर उनसे करीब 14 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

## प्रदूषण सूचकांक खतरनाक लेवल पर

■ **एयर क्वालिटी इंडेक्स 394 पर पहुंचा**




**कल्याण.** पिछले हफ्ते से ज़्यादा गर्मी झेल रहे कल्याणकर सुबह से ही धुएं के पॉल्यूशन से परेशान हैं। कल्याण वेस्ट इलाके में सुबह से ही हर जगह भारी मात्रा में धुआं फैला देखा गया। इससे इलाके में वायु की गुणवत्ता काफी खराब हो गई है और एयर क्वालिटी इंडेक्स 394 के खतरनाक लेवल पर पहुंच गया है। कल्याण वेस्ट में गांधारी नदी के पुल के पार बापगांव इलाके में देर रात आग लग गई। रात में लगी आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड को काफी समय लगा क्योंकि घटना स्थल पर जाने की जगह नहीं थी। इस वजह से सुबह से ही हवा की दिशा के कारण भारी मात्रा में निकला धुआं कल्याण शहर में फैल गया था। पश्चिम में गांधारी, रिंग रोड, गोदरेज हिल, खड़कपाड़ा, आधारवाड़ी, लालचौकी के इलाकों में मुख्य रूप से माहौल में धुआं था। इस वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायतें भी सुनने को मिलीं।

एक्सपर्ट्स सांस की बीमारियों वाले लोगों, खासकर बच्चों, सीनियर सिटिजन और सांस की बीमारियों वाले लोगों से घरों से बाहर निकलते समय सावधान रहने की अपील कर रहे हैं।

सुबह से फैले धुएं की वजह से खड़कपाड़ा इलाके में स्कूली स्टूडेंट्स को भी सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कुछ टीचर्स ने बताया कि सुबह 8 बजे और 8:30 बजे के आसपास धुएं की समस्या और गंभीर होने की वजह से स्टूडेंट्स और लोगों को घर पर, स्कूल क्लासरूम में, क्लास में खांसी के साथ सांस लेने में दिक्कत हो रही थी।

## शहाड जल शोधन केंद्र से जलापूर्ति बाधित



**उल्हासनगर.** महावितरण के मोहने सबडिवीजन में तकनीकी खराबी के कारण गुरुवार को MIDC के शहाड जल शोधन केंद्र से पानी की सप्लाई अचानक बाधित हो गई। इसका सीधा असर उल्हासनगर शहर के जल वितरण सिस्टम पर पड़ा है और शहर के कैंप 1 से 4 के कई इलाकों में पानी की सप्लाई बाधित हो गई है।

महावितरण सिस्टम में खराबी के कारण, शहाड केंद्र से शहर को पानी की सप्लाई बंद हो गई. इस वजह से शहर के 'पुराने' और 'नए' पानी के स्टोरेज टैंक (MBR) अपनी पूरी कैपेसिटी तक नहीं भर पाए। इस वजह से, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन समय पर पानी नहीं छोड़ पाया और लोगों को पानी के लिए इंतज़ार करना पड़ा।

### प्रभावित इलाका

MIDC की टेक्निकल खराबी की वजह से उल्हासनगर में कैंप नंबर 1 से 3 तक का पूरा इलाका, जो सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ है और कैंप नंबर 4 के कुछ खास इलाकों में पानी की सप्लाई भी रुकी हुई है।

### एडमिनिस्ट्रेशन की अपील

महावितरण युद्ध स्तर पर मरम्मत का काम कर रहा है, और जल्द ही पानी की सप्लाई ठीक होने की उम्मीद है। हालांकि, तब तक संबंधित इलाकों में पानी का प्रेशर कम रहने की संभावना है, इसलिए लोगों को पानी का कम इस्तेमाल करना चाहिए, ऐसा म्युनिसिपल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दीपक ढोले ने कहा।

## मैंने अपनी पत्नी को मार डाला - आरोपी गिरफ्तार

- ■ कल्याण के उम्बार्डे इलाके की घटना
- ■ पत्नी की हत्या कर नासिक पुलिस में सरेंडर
- ■ खड़कपाड़ा पुलिस में मामला दर्ज



**कल्याण.** कल्याण के उम्बार्डे इलाके में पत्नी की हत्या कर खुद नासिक जाकर पुलिस के सामने पेश होने वाले पति के कबूलनामे से हड़कंप मच गया है। मृतक महिला का नाम अर्चना उर्फ बाली विशाल भुटकर (उम्र 25) है और उसके पति विशाल साहेबराव भुटकर (उम्र 30) पर हत्या करने का आरोप है।

मिली जानकारी के मुताबिक, पारिवारिक झगड़ों के कारण दंपत्ति पिछले डेढ़ साल से अलग रह रहे थे। विशाल अपने बड़े बेटे के साथ नासिक में रहता था, जबकि अर्चना कल्याण के उम्बार्डे गांव में केडीएमसी गार्डन के पास कैलाश करभारी की चॉल में रहकर घर का काम और अपनी पांच साल की बेटी की परवरिश कर रही थी।

इसी बीच विशाल 11 मार्च को नासिक से अपनी पत्नी से मिलने कल्याण आया था। उसने अर्चना से फिर से साथ रहने और परिवार शुरू करने का अनुरोध किया। हालांकि, जब अर्चना ने इनकार कर दिया, तो दोनों के बीच तीखी बहस हुई। जांच में पता चला कि इस बहस से गुस्साए विशाल ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर उसे मार डाला। हत्या के बाद विशाल नासिक भाग गया और वहां पुलिस स्टेशन जाकर कबूल किया, "मैंने अपनी पत्नी को मार डाला है।"

इसके बाद नासिक पुलिस ने तुरंत कल्याण के खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन से संपर्क किया। जब खड़कपाड़ा पुलिस टीम उम्बार्डे इलाके में घटनास्थल पर पहुंची, तो अर्चना भुटकर की लाश खून से लथपथ मिली। मृतका के रिश्तेदारों ने उसकी पहचान की। इस मामले में मृतका के चाचा राजू सुभाष ढाले की शिकायत पर खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया है और डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस अतुल ज़ेंडे के आदेश पर एक जांच टीम नासिक भेजी गई। उसके बाद पुलिस ने विशाल भुटकर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जांच में पता चला है कि एक नौ साल का लड़का इस घटना का चश्मदीद गवाह है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास – मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### कैंसर बेल्ट की ओर बढ़ता उत्तर भारत?

हाल के वर्षों में भारत में कैंसर का रोग जिस पैमाने पर बढ़ता देखा जा रहा है, उसने समूचे चिकित्सा जगत में चिंता पैदा कर दी है। विडंबना यह है कि चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में तमाम प्रगति के बावजूद देश में कैंसर के मामलों में खासी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। आमतौर पर इसके उपचार पर तो ध्यान केंद्रित किया जाता है, लेकिन बचाव की दिशा में नहीं सोचा जा रहा है। नतीजतन, कैंसर के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।

पिछले दिनों राज्यसभा में केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तुत भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के आंकड़ों ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। इसके मुताबिक, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान कैंसर के मामलों और इससे होने वाली मौतों में निरंतर वृद्धि हुई है। इस अवधि में इन चारों क्षेत्रों में कुल चार लाख सत्रह हजार से अधिक मरीजों के आने का अनुमान है।

आंकड़ों के हिसाब से चंडीगढ़ में ही प्रतिदिन दो लोगों की मौत हो रही है। बीते पांच वर्षों में करीब दो लाख पैंतीस हजार से अधिक लोगों की मौत से स्थिति की गंभीरता का पता चलता है। गौरतलब है कि हर साल कैंसर के करीब पंद्रह लाख नए मरीज सामने आते हैं। अगले बीस वर्षों में यह संख्या पच्चीस लाख पहुंचने का अंदेशा है। महज दवाओं को सस्ता करने और कैंसर अस्पताल खोल देने भर से यह समस्या दूर नहीं होगी। सच यह है कि मरीजों को इस समय सस्ता और सुलभ उपचार की जरूरत है।

गर समस्या को जड़ से मिटाने के लिए कैंसर की रोकथाम पर काम करने के साथ नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना होगा। फिलहाल लक्ष्य यह होना चाहिए कि पहले चरण में ही मर्ज की पहचान कर ली जाए और जिन कारणों से मामले बढ़ रहे हैं, उनको जड़ से खत्म किया जाए।

पंजाब और हरियाणा सहित सभी राज्यों में कीटनाशकों के बेलगाम इस्तेमाल पर रोक लगाना होगा, क्योंकि कैंसर के बढ़ते मामलों के पीछे इसे भी एक बड़ी वजह माना गया है। औद्योगिक कचरों के सख्ती से निपटान के साथ वायु और भू-जल प्रदूषण पर भी अंकुश लगाने की तत्काल जरूरत है।

# विचार: सवालों के घेरे में सिविल सेवा परीक्षा

देश के सर्वोच्च प्रशासनिक ढांचे के लिए अफसरों की भर्ती करने वाली संस्था यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के हालिया परिणामों ने पिछले वर्षों की तुलना में अधिक हलचल पैदा की है। पहले दो दिनों तक सफल उम्मीदवारों में एक ही नाम की दो आकांक्षा सिंह को लेकर खबरें चर्चा में रहीं। इस मामले की जांच के बीच एक अन्य अभ्यर्थी ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

उन्हें 2024 में सामान्य वर्ग से भारतीय पुलिस सेवा मिली थी, पर 2025 में उन्होंने अपना वर्ग सामान्य के बजाय ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) घोषित कर दिया। आइपीएस बनने के बाद ऐसा कैसे संभव है? पिछले पांच वर्षों में ऐसे कई मामले यूपीएससी, अदालतों और कार्मिक मंत्रालय के सामने आ चुके हैं। कहीं न कहीं नियमों में लचीलेपन, स्पष्टता का अभाव और स्थानीय प्रशासन में भ्रष्टाचार के कारण ऐसी स्थितियां पैदा हो रही हैं। तीन वर्ष पहले महाराष्ट्र की पूजा खेडकर का मामला भी सामने आया था, जिसमें आरोप लगा कि उन्होंने कई नियमों की अनदेखी करते हुए आइएएस सेवा प्राप्त की।

फर्जी एससी-एसटी प्रमाणपत्रों से जुड़े भी अनेक मामले यूपीएससी के सामने आ चुके हैं। यही कारण है कि हाल में यूपीएससी ने इन गड़बड़ियों को ध्यान में रखते हुए आवेदन प्रक्रिया में कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं को रोका जा सके। इस बार के परीक्षा परिणाम में एक और तथ्य ने ध्यान खींचा। वह है आदिवासी कोटे में 73 में से एक




जनजाति के करीब 30 प्रतिशत अभ्यर्थियों का चयन।

ऐसे छात्र, जो दिल्ली जैसे महानगरों में पैदा हुए, आधुनिक सुविधाओं के बीच पले-बढ़े और अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पढ़े, यदि आदिवासी कोटे का लाभ ले रहे हैं तो क्या वे उन सैकड़ों जरूरतमंद आदिवासियों का हक नहीं छीन रहे, जिनके लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। इस बार भी अंग्रेजी और भारतीय भाषाओं के बीच असमानता का प्रश्न उतना ही महत्वपूर्ण बना हुआ है। भारतीय भाषाओं के माध्यम से परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों का चयन मुश्किल से पांच प्रतिशत तक ही सीमित क्यों रह जाता है, जबकि लगभग 95 प्रतिशत चयन अंग्रेजी माध्यम के उम्मीदवारों का होता है?

इस बार इंटरव्यू के अंकों को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। सिविल सेवा परीक्षा की मुख्य लिखित परीक्षा 1,750 अंकों की होती है, जबकि इंटरव्यू के लिए 275 अंक निर्धारित हैं। इस बार के परिणामों के आंकड़े बताते हैं कि लिखित परीक्षा में टापर्स सहित किसी के भी 50 प्रतिशत से अधिक अंक नहीं आए, लेकिन इंटरव्यू में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में कई गुना अधिक है। 275 में से 200 या उससे अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या काफी अधिक है। जिस परीक्षा में एक-एक अंक उम्मीदवारों के भविष्य का निर्धारण करता हो, वहां यूपीएससी के इस प्रकार के परिणाम स्वाभाविक रूप से कई गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं। इस बार का टापर उम्मीदवार एमबीबीएस डाक्टर है। प्रश्न है कि ऐसे डाक्टर लगातार सिविल सेवाओं की ओर आकर्षित क्यों हो रहे हैं, जबकि विश्व के कई देशों की तुलना में भारत में प्रति व्यक्ति डाक्टरों की उपलब्धता अभी भी बहुत कम है। पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं न होने के कारण देश की एक बड़ी आबादी की कार्यक्षमता प्रभावित होती है और वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में पूरी तरह भागीदारी नहीं कर पाती। इसी तरह आइआइटी जैसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों से पढ़े हुए छात्र भी पिछले लगभग दो दशकों से बड़ी संख्या में सिविल सेवाओं की ओर रुख कर रहे हैं।

दुर्भाग्य की बात यह भी है कि कठिन प्रतियोगी परीक्षा पास कर आइआइटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पाने वाले अनेक छात्र सिविल सेवा परीक्षा में अपने मूल विषय इंजीनियरिंग को वैकल्पिक विषय के रूप में नहीं चुनते। इनमें से लगभग 80 प्रतिशत एंथ्रोपोलाजी, राजनीतिक विज्ञान, समाजशास्त्र जैसे विषयों को चुनते हैं। कई बार वे संस्कृत, मैथिली या अन्य भारतीय भाषाओं को भी वैकल्पिक विषय के रूप में लेते हैं। यह प्रवृत्ति सिविल सेवा परीक्षा की संरचना और विषय चयन की प्रकृति को लेकर भी कई प्रश्न खड़े करती है। ये सभी प्रश्न नए नहीं हैं, लेकिन अब उन्होंने विकराल रूप धारण कर लिया है।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हमारे भीतर एकत्व और एकता का भाव जन्मजात है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# युद्ध खत्म कर देगी घर की गैस

पश्चिम एशिया में संघर्ष की वजह से जैसे हालात बन गए हैं और जैसे-जैसे दिन लंबे खिंचते जा रहे हैं, उसके असर का दायरा भी बढ़ने लगा है। युद्ध में दोनों पक्षों की ओर से जिस तरह की रणनीतियां अपनाई जा रही हैं, उसके कारण वैसे देश भी बुरी तरह प्रभावित हो हैं, जो टकराव से दूर हैं। दरअसल, ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद समूचा पश्चिम एशिया प्रभावित है और इसका खाड़ी देशों में तेल उत्पादन पर खासा असर पड़ा है।

इस बीच ईरान ने जिस तरह होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित कर दिया है, उसके बाद उस मार्ग से होकर दुनिया के कई देशों में तेल की आपूर्ति भी रुक गई है। खासतौर पर भारत में तेल और गैस की दिक्कत जिस रूप में देखी जा रही है, वह कई स्तर पर चिंता पैदा करती है। हालांकि सरकार की ओर से यह कहा गया है कि देश के पास रणनीतिक और व्यावसायिक भंडार की पर्याप्त मात्रा मौजूद है और घरों तथा वाहनों के लिए इसमें कोई कटौती नहीं की गई है।

सरकार ने उपभोक्ताओं से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की गैरजरूरी जमाखोरी से बचने की अपील की है। विडंबना यह है कि एक ओर सरकार ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुरक्षित बता रही है, दूसरी ओर देश के कई हिस्सों से बाजार में



रसोई गैस के लिए अफरा-तफरी की खबरें आ रही हैं। सवाल है कि जब सरकार सब कुछ ठीक होने का आश्वासन दे रही है, जमाखोरी न करने की हिदायत दे रही है, तब भी लोगों के बीच रसोई गैस की कमी होने की आशंका कैसे फैल गई।

असल में जब ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग को रोक दिया और उसका असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ने लगा, तब सरकार ने न केवल खाना पकाने के गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी, बल्कि पच्चीस दिन के बाद ही नया सिलेंडर मिलने की शर्त लगा दी। शायद यही वजह है कि लोगों के बीच यह धारणा बनी कि आने वाले दिनों में रसोई गैस की किल्लत होने वाली है।

इसी के बाद एहतियातन रसोई गैस के सिलेंडर लेने की एक तरह से होड़ मच गई, जिसका फायदा कालाबाजारी करने वालों ने उठाया और कई जगहों से ऊंची कीमतों पर सिलेंडर बेचे जाने की खबरें आईं। इसी तरह, बिजली से चलने वाले चूल्हों की बिक्री में खासा इजाफा देखा गया। अव्वल तो यह समझना मुश्किल है कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध और उसकी वजह से उपजने वाली स्थिति का अनुमान लगाने तथा उसी मुताबिक संकट का सामना करने की तैयारी करने के मामले में सरकार ने उदासीनता क्यों बरती।

अब सरकार आवश्यक वस्तु अधिनियम लगाने, जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने की बात कह रही है, लेकिन हकीकत यह है कि रसोई गैस सिलेंडरों की कमी को लेकर लोग आशंकित हैं और कहीं इसके लिए लंबी कतारों में खड़े हैं, तो कहीं ज्यादा पैसे चुकाने पर मजबूर हैं! अगर सरकार का कहना सही है कि रसोई गैस की कमी नहीं है, तो सबसे पहले उसे देश भर में रसोई गैस सिलेंडरों की सहज आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए और अफवाहों पर लगाम लगाना चाहिए।

फिर इस अनिवार्य आवश्यकता की श्रेणी में आने वाले सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी न हो, इसके लिए उसे जनजागरूकता फैलाने से लेकर कानूनी कार्रवाई के सभी उपाय अपनाने चाहिए। इस मुश्किल घड़ी में किसी को अपने लिए मुनाफा कमाने का मौका बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

# LPG सिलेंडर के नीचे क्यों बने होते हैं छोटे-छोटे छेद?

हमारे घर में ऐसी कई चीजें होती हैं जिन्हें हम रोज देखते और इस्तेमाल करते हैं, लेकिन उनसे जुड़ी कई

**जरा हट के**

दिलचस्प बातें हमें पता नहीं होतीं. अक्सर हम चीजों को ध्यान से देखते ही नहीं हैं, इसलिए उनसे जुड़े छोटे-छोटे फीचर्स भी नजरअंदाज हो जाते हैं.

उदाहरण के लिए वॉशरूम के फ्लश में दो बटन होते हैं, लेकिन बहुत कम लोग सोचते हैं कि एक की जगह दो बटन क्यों दिए जाते हैं. इसी तरह कई और चीजें हैं जिन पर गौर करने से दिलचस्प सवाल पैदा होते हैं. आज हम आपको गैस सिलेंडर से जुड़ी एक ऐसी जानकारी बताने जा रहे हैं, जिसके बारे में बहुत से लोग नहीं जानते..

लगभग हर घर में कभी न कभी गैस सिलेंडर का इस्तेमाल जरूर हुआ है. भले ही अब कई जगह पाइपलाइन गैस कनेक्शन आ गया हो, लेकिन पहले ज्यादातर घरों में सिलेंडर ही



इस्तेमाल होता था.

अगर आपने कभी सिलेंडर को ध्यान से देखा होगा तो उसके नीचे छोटे-छोटे छेद बने नजर आते होंगे. बहुत से लोग इन्हें सिर्फ डिजाइन समझ लेते हैं, लेकिन असल में इनका एक खास काम होता है.

दरअसल सिलेंडर के नीचे बनाए गए ये छोटे छेद एयर वेंटिलेशन और तापमान को नियंत्रित रखने के लिए होते हैं. इनकी वजह से सिलेंडर और जमीन के बीच हवा का प्रवाह बना रहता है. इससे नमी जमा नहीं होती और सिलेंडर के निचले हिस्से को जंग लगने से बचाव मिलता है.

इसके अलावा गर्म मौसम में यह हवा का प्रवाह सिलेंडर को ज्यादा गर्म होने से भी बचाता है और अंदर बनने वाले दबाव को संतुलित रखने में मदद करता है. इसलिए सिलेंडर के नीचे बने ये छोटे छेद सुरक्षा और टिकाऊपन के लिहाज से काफी अहम माने जाते हैं.

# चने की दाल का पराठा




### सामग्री

**दाल की स्टफिंग के लिए-**

- चने की दाल- 1 कप (4-5 घंटे भीगी हुई)
- जीरा- 1 छोटा चम्मच
- हींग- एक चुटकी
- लहसुन और अदरक- बारीक कटा हुआ या पेस्ट
- हरी मिर्च- 2-3 बारीक कटी हुई
- मसाले- हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और नमक स्वादानुसार
- हरा धनिया- बारीक कटा हुआ

**आटे के लिए-**

- गेहूं का आटा- 2 कप
- नमक- आधा चम्मच
- तेल/घी- मोयन के लिए और पराठे सेंकने के लिए

### बनाने की विधि

सबसे पहले भीगी हुई चने की दाल को कुकर में थोड़े से पानी, नमक और हल्दी के साथ 2-3 सीटी आने तक पका लें। ध्यान रहे कि दाल गल जाए लेकिन एकदम हलवा न बने। अब दाल का पानी छान लें। इसके बाद एक कड़ाही में थोड़ा तेल गरम करें, उसमें जीरा, हींग, अदरक-लहसुन और हरी मिर्च का तड़का लगाएं। इसमें



उबली हुई दाल डालकर 2-4 मिनट भूनें ताकि नमी खत्म हो जाए। लास्ट में हरा धनिया मिलाएं और ठंडा होने पर दाल को दरदरा पीस लें। किसी भी भरवां पराठे की सफलता उसके आटे पर निर्भर करती है। आटे में नमक और एक चम्मच तेल मिलाकर गुनगुने पानी से नरम आटा गूंथें। अगर आटा सख्त होगा, तो बेलते समय पराठा फट जाएगा। आटे को 15 मिनट सेट होने के लिए रख दें। आटे की एक मध्यम लोई लें और उसे कटोरी का आकार दें। इसके बीच में 2 चम्मच तैयार दाल का मिश्रण रखें। किनारों को ऊपर लाते हुए अच्छी तरह बंद करें और एक्स्ट्रा आटा हटा दें। लोई को सूखे आटे में लपेटें और हल्के हाथों से बेलें। तवा गरम करें और पराठे को दोनों तरफ से मध्यम आंच पर सुनहरा होने तक सेकें। घी या तेल लगाकर पराठे को तब तक दबाकर सेकें जब तक वह कुरकुरा न हो जाए।

# घर में एक्वेरियम केवल सजावट का हिस्सा नहीं

कई लोगों को मछलियां अपने घर में रखना पसंद होता है. इसके साथ ही ये वास्तु के हिसाब से बहुत शुभ माना गया है. एक्वेरियम केवल सजावट का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवित मछलियों का छोटा-सा घर होता है. सही देखभाल न करने पर मछलियां बीमार हो सकती हैं और पानी जल्दी खराब हो जाता है. इसलिए एक्वेरियम का नियमित मेंटेनेंस बेहद जरूरी है.

### 1. सही जगह पर रखें

एक्वेरियम को सीधी धूप से दूर रखें. धूप से पानी जल्दी गर्म होता है और उसमें एल्गी तेजी से बढ़ती है.

हवा-दार लेकिन शांत जगह सबसे अच्छी होती है.

### 2. पानी की क्वालिटी सबसे महत्वपूर्ण

मछलियां साफ और संतुलित पानी में ही स्वस्थ रहती हैं.

**पानी बदलने का नियम**

हर 7–10 दिन में 25–30% पानी बदलें

पूरा पानी कभी भी एक साथ न बदलें, इससे मछलियों को शॉक लग सकता है.

**क्लोरीन हटाना न भूलें**

टैंक में डालने से पहले पानी को 8–10 घंटे अलग रखें ताकि क्लोरीन उड़ जाए. या जरूरत हो तो पानी में डीक्लोरीनेटर का उपयोग करें.

### 3. फिल्टर को नियमित साफ करें

फिल्टर पानी की सफाई और ऑक्सीजन के लिए सबसे जरूरी है.

हर 2–3 हफ्ते में फिल्टर की फोम को साफ करें.



फिल्टर को एकदम झटका देकर साफ न करें, क्योंकि 'गुड बैक्टीरिया' भी निकल सकते हैं.

हमेशा टैंक के पुराने पानी से हल्का-सा धोएं.

### 4. फिश फ़ूड को कंट्रोल में दें

मछलियों को दिन में दो बार इतना ही खाना दें जो 1–2 मिनट में खत्म हो जाए.

ज्यादा खाना पानी को गंदा करता है और अमोनिया स्तर बढ़ जाता है.

### 5. एक्वेरियम तापमान सही रखें

अधिकतर ट्रॉपिकल फिश के लिए 24°C–28°C तापमान आदर्श है. जरूरत हो तो हीटर या चिलर का उपयोग करें.

### 6. कांच और सजावट की सफाई

टैंक के अंदर जमा एल्गी को एल्गी स्क्रेपर से साफ करें.

सजावट (स्टोन, प्लास्टिक प्लांट्स आदि) को महीने में एक बार साफ पानी में धोएं, साबुन का उपयोग बिल्कुल न करें.

### 7. पानी के पैरामीटर चेक करें

शुरुआत करने वालों को भी चाहिए कि कभी-कभी pH (6.5–8.0 सामान्य), अमोनिया, नाइट्राइट/नाइट्रेट टी-स्ट्रिप से चेक कर लें.

### 8. नई मछलियां जोड़ते समय सावधानी

नई मछलियों को पहले 15 मिनट उनके बैग सहित टैंक में रखें, ताकि तापमान बराबर हो जाए.

उसके बाद ही उन्हें टैंक में डालें. एक्वेरियम की देखभाल कठिन नहीं, बस नियमित सफाई, सही खाना, साफ पानी और स्थिर तापमान का ध्यान रखें. इससे आपकी मछलियां खुश, सक्रिय और स्वस्थ रहेंगी, और टैंक हमेशा सुंदर और चमकदार दिखेगा.

## आज का राशिफल

**मेष** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। नए विचार दिमाग में आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा।

**वृषभ** : दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। दूसरे आपसे अधिक की अपेक्षा करेंगे व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मिथुन** : प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। लाभ होगा।

**कर्क** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। आलस्य हावी रहेगा। प्रमाद न करें। विवेक का प्रयोग करें।

**सिंह** : अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश मनोनकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। किसी कार्य के प्रति चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कन्या** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति की बातों में न आएं। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगा।

**तुला** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। कोई बड़ा काम करने की इच्छा जागृत होगी। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। प्रमाद न करें।

**वृश्चिक** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। थकान रहेगी।

**धनु** : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें।

**मकर** : यात्रा में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। हंसी-मजाक में हल्कापन न हो, ध्यान रखें। कीमती वस्तुएं इधर-उधर हो सकती हैं, संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ** : धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन** : स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य में राहत मिलेगी। चिंता दूर होगी। नौकरी में रुतबा बढ़ेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# घर में लगा लें मच्छर भगानेवाले ये 5 पौधे

गर्मी के मौसम के साथ मच्छर का आतंक भी साथ आता है. घर को पूरी तरह से पैक करके रखने कि बाद भी मच्छर अपना रास्ता खोज ही लेते हैं. कई बार तो मच्छर मारने वाली क्वाइल और अगरबत्ती जलाने पर भी कोई असर नहीं दिखता है. ऐसे लोग जिन्हें एलर्जी या सांस की दिक्कत है, उन्हें धुएं से परेशानी और बढ़ जाती है. ऐसे में जरूरी हो जाता है कि मच्छरों को भगाने के लिए कुछ नेचुरल उपाय किया जाया. इसलिए आज हम आपके लिए ऐसे 5 पौधों की जानकारी लेकर आए हैं, जो मच्छरों को भगाने का काम करते हैं.

### तुलसी

हिन्दू धर्म में तुलसी के पौधे की पूजा की जाती है. लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि ये पौधा मच्छर को दूर रखने का भी काम करते हैं. तुलसी का पौधा बहुत ही आसानी से उग जाता है और गर्मी के मौसम सर्वाइव कर लेता है. इसे अगर आप अपने घर के दरवाजे या खिड़की के पास रखते हैं, तो आपको मच्छरों को भगाने की चिंता से फ्री रहेंगे.

### लैवेंडर

लैवेंडर का पौधा बहुत




कम घरों में ही देखने के लिए मिलता है. हालांकि इसका फूल और सुगंध काफी लोगों का पसंदीदा होता है. इसका एक गुण ये भी है कि इसके आसपास मच्छर नहीं आते हैं. ऐसे में ये आपके घर लिए बहुत परफेक्ट यदि आप बहुत ज्यादा मच्छरों से परेशान रहते हैं.

### पुदीना

मच्छर भगाने वाले पौधों में पुदीना भी शामिल है. इसके पत्ते सिर्फ शरीर को अंदरूनी रूप से गर्मी में ठंडा रखने का ही काम नहीं करते हैं, बल्कि इसकी तेज खुशबू के कारण मच्छर भी इनसे दूर रहते हैं.

### लेमनग्रास

लेमनग्रास आपके पूरे बगीचे में मच्छरों को दूर रखने का एक प्रभावी उपाय है. ये पौधा बहुत ही घना होता है, इसलिए लोग इसे अपने गार्डन में शॉ प्लांट के रूप में भी लगाते हैं. इसकी खास बात है कि ये किसी भी मौसम में हरभरा रह सकता है.

### रोजमेरी

रोजमेरी के पत्तों का इस्तेमाल कुकिंग में भी किया जाता है. लेकिन ये पौधा आपको मच्छरों के लिए एक नेचुरल रेपलेंट का भी काम करता है.

# अंडरआर्म्स में फिटकरी लगाने से क्या होता है?

फिटकरी जिसे एलम भी कहा जाता है, एक एल्युमीनियम सॉल्ट होता है. इसका इस्तेमाल कॉस्मेटिक प्रॉडक्ट्स को बनाने और स्किन केयर में होता है. ये पानी में घुलनशील होता है लेकिन त्वचा में गहराई तक प्रवेश करने के बजाय त्वचा पर एक सतही परत बनाती है. इसमें कई तरह के गुण होते हैं, जो इसे स्किन और ग्रुमिंग के लिए एक बेहतरीन और सेफ नेचुरल प्रॉडक्ट बनाते हैं. इसका इस्तेमाल आप गर्मी में पसीने की बदबू से बचाव से लेकर स्किन को टाइट करने तक जैसे फायदों के लिए कर सकते हैं.

### अंडरआर्म्स में फिटकरी लगाने से क्या होता है?

यदि गर्मी के दिनों में आपको बहुत ज्यादा पसीना आता है, और इसकी बदबू को कंट्रोल करने के लिए हजारों परफ्यूम पर खर्च करते हैं, तो फिटकरी इसका सस्ता और कारगर सॉल्यूशन है. इसे आप गीला करके सीधे बगल में रगड़ सकते हैं. ये पसीने के नलिकाओं को सिकोड़कर और शरीर की दुर्गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया को कम करके काम कर सकते हैं. हालांकि इसका पैच टेस्ट लेना जरूरी है.

### स्किन पर फिटकरी लगाने के फायदे

**शेविंग के बाद-** फिटकरी के ब्लॉक शेविंग प्रॉडक्ट में काफी लोकप्रिय हैं क्योंकि ये बैक्टीरिया को बढ़ने से रोकता है और सूजन को कम करता है. इससे शेविंग रैश या इंफेक्शन का खतरा कम हो सकता है.ये खून के थक्के जमने में मदद करके घाव को जल्दी भरने में मदद करता है.

**कम होंगे मुहांसे-** क्योंकि फिटकरी कसैली होती है और बैक्टीरिया को रोकती है, इसलिए कुछ लोग तैलीय त्वचा और मुहांसे कम करने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल करते हैं, हालांकि, इस बात का कोई शोध नहीं है कि यह इन दोनों समस्याओं का प्रभावी इलाज है या नहीं, लेकिन कुछ लोगों के अनुभव बताते हैं कि इससे फायदा होता है.



**रंग को निखारने में मददगार-** फिटकरी कभी-कभी त्वचा को गोरा करने वाले उत्पादों में पाई जाती है, लेकिन त्वचा को गोरा करने के लिए इसके उपयोग का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है. लेकिन आप इसे ट्राई करके देख सकते है,यदि ये आपके स्किन में किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं छोड़ता है तो.

### कैसे करें इस्तेमाल

फटकरी को आप पानी में कुछ देर के लिए छोड़ दें, फिर इस पानी को प्रभावित जगह पर लगाकर सूखने के लिए छोड़ दें. इसके बाद माइश्चराइजर लगाएं . ध्यान रखें पैच टेस्ट करना जरूरी है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक



## खबरें गांव की...

### बीच सड़क मुर्गा बनाया, जमानत पर छूटे दबंग की बुजुर्ग से अमानवीयता

**शाहजहांपुर.** शाहजहांपुर जिले के पुवायां क्षेत्र के नाहिल गांव में एक बुजुर्ग के साथ अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कुछ लोग एक बुजुर्ग को डंडा दिखाकर बीच सड़क पर मुर्गा बनवाते हुए और पैरों में नाक रगड़वाकर माफी मंगवाते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि करीब एक सप्ताह पहले गांव में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उस दौरान गांव के एक बुजुर्ग बीच-बचाव करने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोगों ने बुजुर्ग के साथ गाली-गलौज की और मारपीट भी की। इस घटना से आहत बुजुर्ग के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था और शांति भंग की आशंका में उनका चालान कर दिया था। हालांकि बाद में आरोपियों को जमानत मिल गई।

### भाई की पत्नी के हत्यारे जेठ का हाफ एनकाउंटर

**हरदोई.** हरदोई के कछौना थाना क्षेत्र में भाई की पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी राजकुमार को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार देर रात पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सुठेना फाटक की ओर से निकलकर लखनऊ जाने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी ने भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी राजकुमार के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं।

### लेब्राडोर ने महिला टीचर का मुंह नोंचा

**बाराबंकी.** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जनपद में एक महिला शिक्षिका को अपने पालतू कुत्ते को दुलार करना भारी पड़ गया। दरअसल, यहां सत्यप्रेमी नगर मोहल्ला में शुक्रवार की सुबह ड्यूटी जा रही युवती ने अपने पालतू लेब्राडोर डॉग को दुलराने का प्रयास किया, जिस पर वह भड़क गया। इसके बाद पालतू कुत्ते ने हमला कर युवती के चेहरे पर हमला कर मुंह नोच लिया। परिजनों ने कुत्ते को अलग किया। चेहरे पर गंभीर चोट होने से परिजनों ने शिक्षिका को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां उपचार किया गया। साथ ही घाव पर टॉके लगाने पड़े।

# सनातन धर्म के 10 हजार साल पुराने निशान

- खनन में मिला त्रिशूल और वज्र

**मुंबई.** फिलीपींस में खनन कार्य के दौरान भारतीय शोधकर्ता सैयद शमीर हुसैन ने लगभग 10,000 वर्ष पुराने त्रिशूल और 3,000 वर्ष पुराने वज्र की खोज की है, जिन्हें वे सनातन धर्म के प्राचीन प्रतीकों से जोड़ते हैं। यह खोज मई 2015 में हुई, जब खनिकों ने असामान्य वस्तुओं को देखकर हुसैन को सूचित किया। हुसैन ने 2012 से फिलीपींस में स्थानीय समुदायों के साथ काम किया था। जांच के बाद उन्होंने त्रिशूल को भगवान शिव का प्रतीक और वज्र को भगवान इंद्र का आयुध बताया। ये कलाकृतियां 2016 में भारत लाई गईं, जहां हुसैन ने इन पर लगभग 10 वर्षों तक शोध किया। इस खोज ने प्राचीन भारतीय संस्कृति के दक्षिण-पूर्व एशिया तक फैलाव पर नई बहस छेड़ दी है।

त्रिशूल और वज्र सनातन धर्म के प्रमुख प्रतीक हैं। त्रिशूल भगवान शिव की शक्ति, संतुलन और विनाश-निर्माण के गुणों का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि वज्र इंद्र का हथियार है, जो शक्ति, वर्षा और युद्ध से जुड़ा है। हुसैन का दावा है कि ये वस्तुएं हजारों वर्ष पुरानी हैं और फिलीपींस में मिलना भारतीय सभ्यता की प्राचीनता व




वैश्विक प्रभाव को प्रमाणित करता है। उन्होंने इन कलाकृतियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI), संस्कृति मंत्रालय और भारतीय संग्रहालयों में पंजीकृत कराया है, जहां इन्हें ऐतिहासिक महत्व की वस्तुओं के रूप में मान्यता मिली है। यह खोज सांस्कृतिक एकता और प्राचीन व्यापार या प्रवास के प्रमाण के रूप में देखी जा रही है।

**त्रिशूल और वज्र की कीमत**

शोधकर्ता सैयद शमीर हुसैन ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इन कलाकृतियों को सार्वजनिक किया। उन्होंने बताया कि खोज के दौरान उन्हें सांप काटने जैसी घटना हुई, लेकिन वे बच गए। हुसैन ने प्रधानमंत्री और अन्य अधिकारियों को पत्र लिखे हैं। वे इन वस्तुओं की नीलामी कर प्राप्त राशि अनाथालयों और वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। त्रिशूल की अनुमानित शुरुआती कीमत 500 करोड़ रुपये और वज्र की 250 करोड़ बताई गई है। यह उनकी चौथी प्रेस कॉन्फ्रेंस थी, जिसमें वैज्ञानिक, इतिहासकार और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। हुसैन ने कहा कि ऐसी दुर्लभ खोज विश्व की 8.8 अरब आबादी में बहुत कम लोगों को नसीब होती है।

यह खोज सनातन धर्म की वैश्विक जड़ों को उजागर करती है और भारत-फिलीपींस के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डालती है। हालांकि, यह एक निजी शोधकर्ता की ओर से प्रस्तुत दावा है और पुरातात्विक विशेषज्ञों से पूर्ण आधिकारिक पुष्टि अभी लंबित है। फिर भी, यह भारतीय संस्कृति की गहराई और प्राचीनता को दर्शाता है, जो लोगों में गर्व और जिज्ञासा जगाती है।

# सरकार ने सोनम वांगचुक पर लगा NSA हटाया

- 170 दिन बाद जोधपुर जेल से रिहा
- लेह हिंसा के बाद हिरासत में लिए गए थे

केंद्र ने शनिवार को लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्युरिटी एक्ट (NSA) हटा दिया। सरकार ने कहा कि यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया। गृह मंत्रालय के अनुसार, सोनम ने NSA एक्ट के तहत अपनी हिरासत की अवधि का लगभग आधा हिस्सा पूरा कर लिया है।



इसके बाद सुबह करीब 10 बजे सोनम की पत्नी गीतांजलि जोधपुर जेल पहुंचीं। इसके बाद कागजी कार्रवाई पूरी की गई। फिर दोपहर सवा एक बजे पत्नी के साथ एक निजी गाड़ी से जेल से निकले।

दरअसल, सोनम के अनशन के दौरान 24 सितंबर 2025 को लेह हिंसा हुई थी। दो दिन बाद 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत वांगचुक को हिरासत में लिया था। इसके बाद उन्हें फौरन जोधपुर शिफ्ट कर दिया था। 170 दिन से वे जोधपुर जेल में हैं। अब उनकी रिहाई होगी।

NSA सरकार को ऐसे लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार देता है, जिनसे देश की सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा हो। इसके तहत किसी व्यक्ति को अधिकतम 12 महीने तक नजरबंद रखा जा सकता है।

दो दिन पहले वांगचुक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा था - लद्दाख के लिए ईमानदार संवाद आवश्यक है। मैंने एक्टिविज्म से दूरी नहीं बनाई है। लद्दाख के प्रति मेरी प्रतिबद्धता पहले जैसी ही है। इसका उद्देश्य लद्दाख के लिए न्यायपूर्ण और स्थायी भविष्य है।

4 फरवरी को केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद की अध्यक्षता में हाई-पावर्ड कमेटी की बैठक हुई थी। इसमें लद्दाख के दो प्रमुख संगठन लेह अपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेट्स अलायंस शामिल हुए। इनके नेताओं ने वांगचुक की रिहाई की मांग दोहराई थी।

# बेगूसराय में नीतीश की सुरक्षा में चूक

- हेलीपैड में घुसा बैल
- पुलिस वालों को दौड़ाया
- बचने के लिए फायर ब्रिगेड पर चढ़े



**बेगूसराय.** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा बेगूसराय पहुंची। सभा को संबोधित कर करते हुए CM ने कहा, 'हम लोगों की सरकार आपके लिए लगातार काम कर रही है। केंद्र भी लगातार मदद कर रही है। 2005 में NDA की सरकार बनी तब से राज्य में कानून का राज है।

हमारी सरकार आने से पहले पुरानी वाली सरकार ने बुरा हाल कर रखा था। शाम में लोग घर से निकलने से डरते थे। पहले शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट थी। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। उन लोगों को काम रद्दी था।'

CM के संबोधन के दौरान कुछ महिलाएं उठकर जाने लगीं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'अरे कहां भाग रहे हो हम बंद कर दें। कोई पीछे से भाग रहा है, कोई आगे से भाग रहा है। बैठिए अभी। हाथ उठाकर बताइए हम बोलें या नहीं। अब तो सब कुछ कर ही रहे हैं, फिर क्यों भाग रही हो। बैठिए और चुपचाप सुनिए।'

बेगूसराय में दोनों डिप्टी CM और मुख्यमंत्री के सामने 'बिहार का CM कैसा हो, निशांत कुमार जैसा हो' के नारे लगाए गए।

**हेलीपैड पर CM की सुरक्षा में बड़ी चूक**

CM के पहुंचने से पहले उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। समृद्धि यात्रा के तहत CM जिस हेलीपैड पर उतरने वाले थे वहां एक बैल घुस गया। बैल ने वहां मौजूद पुलिस वालों को दौड़ा दिया।

# राहुल बोले-DU में जाति देखकर इंटरव्यू में फेल करते हैं

- यूनिवर्सिटी ने कहा- बयान से पहले फैक्ट चेक करें
- एडमिशन एंट्रेंस टेस्ट से होते हैं

**नई दिल्ली.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को कांशीराम जयंती पर हुए संविधान सम्मेलन में हिस्सा लेने लखनऊ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी (DU) में जाति देखकर इंटरव्यू में फेल करने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा- 'मैं दिल्ली यूनिवर्सिटी गया था। इंटरव्यू में बच्चों को निकालने का तरीका है।



आपकी जाति क्या है भैया, आप इंटरव्यू में फेल।'

दिल्ली यूनिवर्सिटी ने राहुल के इस बयान को खारिज कर दिया है। यूनिवर्सिटी ने X पर एक पोस्ट में लिखा-यूनिवर्सिटी CUET स्कोर के आधार पर एडमिशन देती है। कई ग्रेजुएशन-पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्सेस के लिए इंटरव्यू जरूरी नहीं हैं। राहुल को बयान देने से पहले फैक्ट्स की जांच करना चाहिए।

दिल्ली यूनिवर्सिटी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर कहा कि यदि राहुल गांधी का संकेत फैकल्टी रिक्रूटमेंट पर था, तो हाल के समय में सभी कैटेगरी में हजारों शिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैं।

# यूपी में आरएसएस कार्यकर्ता के घर पर तोड़फोड़ और फायरिंग

**बिजनौर.** यूपी के बिजनौर जिले में शनिवार तड़के दूसरे वर्ग के युवकों ने आरएसएस के जिला कार्यवाह विपिन चौहान और विहिप के जिला सहमंत्री अमित शर्मा के घर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी।

इसके बाद फायरिंग करते हुए जानलेवा हमला करने की कोशिश भी की। घटना के बाद भाजपा और संघ कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दोपहर को मेडिकल के लिए ले जाते समय एक आरोपी ने भागने का प्रयास किया, जो पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया।

# सस्पेंड चल रहे आईएएस अभिषेक प्रकाश हुए बहाल

- राज्यपाल ने जारी किया आदेश, जारी रहेगी जांच

**लखनऊ.** एक साल पहले रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित किए गए 2006 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को बहाल कर दिया गया है। 15 मार्च से आईएएस अभिषेक बहाल हो जाएंगे। राज्यपाल ने आईएएस की बहाली का आदेश जारी कर दिया है। हालांकि बहाली के बाद भी उनके खिलाफ चल रही विभागी जांच जारी रहेगी।



साथ ही जांच प्रक्रिया के तहत साक्ष्यों को जुटाया जाएगा। बतादें कि दो दिन पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में अभिषेक प्रकाश के खिलाफ दाखिल चार्जशीट को रद्द कर दिया था। अदालत के इस फैसले के बाद विभागीय स्तर पर उनकी बहाली की तैयारी पूरी कर ली गई है।

**मार्च 2025 में सस्पेंड कि गए थे आईएएस अभिषेक**

- 20 मार्च 2025 को अभिषेक प्रकाश को रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप में निलंबित किया गया था। उन पर एक सोलर कंपनी से प्रोजेक्ट मंजूरी के बदले घूस मांगने का आरोप लगा था। कंपनी की शिकायत के आधार पर सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया था।

### NDA के साथ गठबंधन की कोई संभावना नहीं है

अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली टीवीके ने तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ गठबंधन की किसी भी संभावना से शनिवार को इनकार किया। टीवीके ने चुनावी समझौते को लेकर मीडिया में जारी अटकलों को भी खारिज कर दिया। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने पत्रकारों के इस सवाल का सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया कि क्या तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के साथ गठबंधन के लिए बातचीत हो रही है। नागेंद्रन ने यहां पत्रकारों से कहा, ''आप गठबंधन को लेकर चिंतित हैं और मैं जनता की समस्याओं को लेकर चिंतित हूं, खासकर राज्य में कानून-व्यवस्था की विफलता और महिलाओं की सुरक्षा की कमी को लेकर।''

# भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़प

- ममता की मंत्री बोलीं- मुझे ईंट मारी गई
- PM बोले– जंगलराज वालों का काउंटडाउन शुरू

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में पीएम मोदी की रैली से पहले भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं में विवाद हुआ है। गिरीश पार्क एरिया में दोनों ग्रुप ने एक-दूसरे पर पत्थरबाजी की। पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा।

पश्चिम बंगाल में उद्योग, वाणिज्य और उद्यम मंत्री शशि पंजा ने आरोप लगाया कि झड़प के दौरान मुझ पर ईंट मारी गई। भाजपा गुंडा नहीं है, हत्यारी है। मंत्री पंजा का यहीं पर घर है।




कोलकाता में अपने संबोधन कि दौरान पीएम ने कहा कि जंगलराज वालों का काउंटडाउन शुरू हो गया है। ये निर्मम वाली सरकार का अंत करीब आ गया है।

पीएम ने कहा कि पहले कांग्रेस, फिर कम्यूनिस्ट अब टीएमसी, ये लोग एक के बाद एक आते रहे और अपनी जेब भरते रहे। मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है ये हालात बदले, बंगाल के युवाओं को बंगाल में काम मिले, नौजवान बंगाल के विकास का नेतृत्व करे।

दरअसल, पीएम मोदी आज पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। उन्होंने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में 18,680 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया। उनके साथ मंच पर बीजेपी नेता और पश्चिम बंगाल के गवर्नर आरएन रवि मौजूद रहे।

**'बंगाल में एक ही चर्चा है कि बदलाव चाहिए'**

- पीएम ने कहा कि पूरे बंगाल में एक ही चर्चा है कि बदलाव चाहिए, जब–जब इस भूमि पर चुनौती आई तब तब यहां के लोगों ने सामना किया है। कुछ लोग आपको डराने की कोशिश करेंगे, लेकिन जब जनता ठान लेती है तो कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। इस बार चुनाव सिर्फ सरकार बदलने का नहीं बंगाल की आत्मा को बचाने का है। आने वाले परिवर्तन के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

# सूर्या-गंभीर ट्रॉफी लेकर सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे



- अभिषेक शर्मा ने वैष्णो देवी के दर्शन किए
- हनुमान मंदिर जाने पर कीर्ति आजाद ने सवाल उठाया था

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और हेड कोच गौतम गंभीर शनिवार को टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी के साथ मुंबई के श्री सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे। यहां दोनों ने भगवान गणेश के दर्शन कर टीम की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया।

इससे पहले 8 मार्च को चैंपियन बनने के बाद उन्होंने ट्रॉफी के साथ अहमदाबाद के हनुमान मंदिर में भी दर्शन किए थे। खिलाड़ियों के मंदिर जाने पर पूर्व क्रिकेटर और TMC सांसद कीर्ति आजाद ने सवाल भी उठाए थे। वहीं, भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर अभिषेक शर्मा भी 13 मार्च को जम्मू-कश्मीर के कटरा स्थित प्रसिद्ध वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे और माता रानी के दर्शन करके आशीर्वाद लिया।

**अभिषेक ने वैष्णों देवी यात्रा की फोटोज पोस्ट कीं**

टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक ने अपनी यात्रा की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं और कैप्शन लिखा- जय माता दी। फोटोज में वे सफेद कुर्ता-पायजामा पहने, माथे पर तिलक लगाए और हाथ जोड़कर दर्शन करते नजर आए।

**फाइनल में 52 रन की पारी खेली**

अभिषेक ने टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में अहम भूमिका निभाई थी। फाइनल से पहले के मैचों में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था और लगातार 3 बार शून्य पर आउट हुए। हालांकि खिताबी मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी की। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में उन्होंने महज 21 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन के अंतर से हराया और अपना टाइटल डिफेंड किया था।

# ईद से पहले मेरठ में सख्ती

- 100 लोगों को 'रेड कार्ड' नोटिस की तैयारी
- माहौल बिगाड़ने पर तगड़ा एक्शन

**मेरठ.** ईद के मद्देनजर मेरठ पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे करीब 100 लोगों को चिन्हित किया है, जिन्हें जल्द ही 'रेड कार्ड' नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों पर पहले भी उपद्रव या त्योहारों के दौरान तनाव की स्थिति पैदा करने के आरोप में मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी)




अविनाश पांडे ने शनिवार को बताया कि ईद पर शांतिपूर्ण माहौल कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सभी इस्लामी धर्मगुरुओं और मस्जिद प्रबंधन समितियों से समन्वय स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि जिले की 544 मस्जिदों और 146 ईदगाहों के प्रबंधन से अधिकारियों ने बातचीत की है और सभी ने आश्वासन दिया है कि किसी भी परिस्थिति में सड़कों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एसएसपी ने कुछ मीडिया संस्थानों में प्रसारित उन खबरों का भी खंडन किया, जिनमें उनके हवाले से सड़कों पर नमाज पढ़ने या नियमों का उल्लंघन करने वालों के पासपोर्ट निरस्त करने की बात कही गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की ओर से ऐसा कोई नया निर्देश जारी नहीं किया गया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति कानून का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई जरूर की जाएगी।

### मां ने 5 माह की बेटी को नहर में फेंका

**सीतापुर.** यूपी के सीतापुर में एक मां ने अपनी ही पांच महीने की बेटी की जान ले ली। दरअसल, बिसवां मार्ग स्थित शारदा सहायक नहर में एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी पांच माह की बच्ची को नहर में फेंक दिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने नहर में कूदकर बच्ची को निकाल कर सीएचसी सिधौली पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बच्ची को फेंकने से पहले महिला नहर किनारे कुछ देर बच्ची को लेकर खड़ी रही थी। पुलिस ने बच्ची के पिता की तहरीर पर मां के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी मां को हिरासत में लिया है। पुलिस महिला से घटना को लेकर पूछताछ कर रही है.

# 'मोदी सरकार की तानाशाही का पर्दाफाश होना चाहिए'



केजरीवाल को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में 22 अन्य लोगों के साथ बरी कर दिया है।

- सोनम वांगचुक की रिहाई पर अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली.** आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि केंद्र द्वारा सोनम वांगचुक की हिरासत तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार एक बार फिर बेनकाब हो गई है। एक्स पर एक पोस्ट में केजरीवाल ने वांगचुक की हिरासत की आलोचना की और कहा कि इस तानाशाही का पर्दाफाश होना चाहिए।

**घोर तानाशाही का पर्दाफाश होना चाहिए**

केजरीवाल ने कहा कि मोदी सरकार एक बार फिर बेनकाब हो गई है। एक वैज्ञानिक और जलवायु कार्यकर्ता, जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया था, को बिना किसी सबूत के गिरफ्तार कर लिया गया। जेल में बिताए उनके महीने न केवल उनके लिए व्यक्तिगत क्षति थे, बल्कि देश के लिए भी क्षति थे। इस घोर तानाशाही का तुरंत पर्दाफाश होना चाहिए और इसे रोकना चाहिए।

**अधिकतम हिरासत अवधि के लिए मानदंड बने**

इस बीच, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वांगचुक की रिहाई के फैसले का स्वागत किया। थरूर ने सर्वोच्च न्यायालय से बिना मुकदमे के अधिकतम हिरासत अवधि के लिए सख्त मानदंड बनाने का आग्रह किया।एक पोस्ट में थरूर ने बिना मुकदमे के अनिश्चितकालीन हिरासत की आलोचना करते हुए इसे औपनिवेशिक काल की अलोकतांत्रिक प्रथा बताया, जिसका एक परिपक्व लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है।

**169 दिन का समय बहुत लंबा लगता है**

उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि केंद्र ने सोनम वांगचुक की हिरासत रद्द कर दी है, लेकिन 169 दिन का समय बहुत लंबा लगता है। सर्वोच्च न्यायालय को बिना मुकदमे के अधिकतम हिरासत अवधि के लिए सख्त मानदंड विकसित करने की जरूरत है। अनिश्चितकालीन हिरासत औपनिवेशिक काल से चली आ रही एक अलोकतांत्रिक प्रथा है। एक परिपक्व लोकतंत्र में इसका कोई स्थान नहीं है।

# 'भारत समेत पूरी दुनिया से रूसी तेल खरीदने की भीख मांग रहा अमेरिका'

**तेल अबीब.** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका, रूस से तेल इंपोर्ट बंद करने के लिए 'भारत को धमकाने' के बावजूद, अब ईरान के साथ अपने युद्ध के दो हफ्ते बाद, उनसे मॉस्को से कच्चा तेल खरीदने की भीख मांग रहा है। अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'अमेरिका ने भारत को रूस से तेल इंपोर्ट बंद करने के लिए धमकाने में महीनों बिताए।' उन्होंने आगे कहा, 'ईरान के साथ दो हफ्ते के युद्ध के बाद, व्हाइट हाउस अब दुनिया - जिसमें भारत भी शामिल है - से रूसी कच्चा तेल खरीदने की भीख मांग रहा है।' बता दें कि पांच मार्च को अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की अनुमति दी है, जबकि उससे पहले उसने अतिरिक्त टैरिफ लगाया हुआ था। पश्चिम एशिया में संघर्ष पर यूरोप के रुख की आलोचना करते हुए, मंत्री ने ईरान पर युद्ध को गैर-कानूनी बताया और कहा कि यूरोप को लगा था कि ईरान पर एक गैर-कानूनी युद्ध का समर्थन करने से उन्हें रूस के खिलाफ अमेरिका का समर्थन मिल



जाएगा। उन्होंने रूसी कच्चे तेल की खरीद के प्रति ट्रंप प्रशासन के मौजूदा रुख को 'दयनीय' भी बताया। 28 फरवरी से शुरू होकर, अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर एक संयुक्त हमला किया। यह हमला कई दिनों की तैयारियों के बाद हुआ, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम पर एक नए समझौते के लिए राजी होने का दबाव बढ़ा दिया था। वहीं, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार रात टेलीफोन पर अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह चौथी बातचीत है, जो ऐसे समय हुई है जब भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर खड़े 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज कर रहा है।

## संक्षेप...

### नेरुल में झोपड़ियों को किया जमींदोज

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई महानगरपालिका द्वारा नेरुल के सेक्टर-30 में सिडको की जमीन पर बनी अवैध झोपड़ियों को जमींदोज किया. यह कार्रवाई मनपा के बेलापुर कार्यालय द्वारा की गई. इस अभियान के लिए 8 मजदूरों और अन्य संसाधनों का उपयोग किया गया. इस अवसर पर पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी और मनपा के अतिक्रमण विभाग के सुरक्षा गार्ड भी मौजूद थे. इसी तरह घनसोली विभाग में सड़क के किनारे बिना इजाजत के व्यवसाय करने वाले फेरीवालों और गाड़ियों में खाने का व्यवसाय करने वालों के खिलाफ मनपा द्वारा कार्रवाई की गई.

# पत्रकारों को राहत, गुढ़ीपाड़वा पर मिलेगी घरों की चाबियां

**ठाणे.** मुंबई और ठाणे के पत्रकारों के म्हाडा घरों को लेकर आज विधानसभा सत्र में एक मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता डिप्टी सीएम और हाउसिंग मिनिस्टर एकनाथजी शिंदे ने की। इस मौके पर डिप्टी चीफ सेक्रेटरी असीम गुप्ता,म्हाडा के वाइस प्रेसिडेंट संजीव जायसवाल, कोंकण डिवीजन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर राठौड़ और म्हाडा के दूसरे अधिकारी मौजूद थे।



इस मौके पर टीवी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट उदय जाधव, ठाणे डिस्ट्रिक्ट जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट संजय पितले, पुढारी के चीफ कॉरेस्पोंडेंट दिलीप शिंदे, जनमुद्रा के एडिटर दीपक दलवी और लॉटरी में घर पाने वाले मुंबई के पत्रकार मौजूद थे।ठाणे के कोलशेत में आशर बिल्डिंग में 53 घरों के लिए लॉटरी में कुल 42 लोग क्वालिफाई हुए। बाकी आवेदकों को राहत देने का फैसला किया गया है, जिनके एप्लीकेशन डॉक्यूमेंट्स को लेकर इनएलिजिबल रहे हैं। साथ ही, इस समय डिप्टी सीएम शिंदे ने आज विधान भवन में हुई मीटिंग में मुंबई में टीवी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पत्रकारों के लिए घरों की कीमत साढ़े तीन लाख रुपये कम करने का फैसला किया और म्हाडा को गुड़ी पड़वा के दिन मुंबई और ठाणे के पत्रकारों को चाबियां देने का निर्देश दिया।

# पुलिस के डर से भागे, मालगाड़ी की टक्कर से 3 युवकों की मौत

**पालघर.** पिछले कुछ दिनों में यह बात सामने आई है कि लोकल ट्रेन से गिरने या ट्रेन पकड़ते समय कई हादसे हो रहे हैं। ऐसी ही एक दिल दहला देने वाली घटना पालघर में सामने आई है। बताया गया है कि मालगाड़ी की टक्कर में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक, यह दिल दहला देने वाली घटना ईस्ट पालघर के ओल्ड पालघर में जैन मंदिर के पास हुई। मालगाड़ी की टक्कर में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वाले



युवकों के नाम स्वप्निल पलांडे, कुणाल दुबला और अफरोज शेख हैं. पता चला है कि यह हादसा तब हुआ जब युवक पुलिस के डर से भाग रहे थे और तभी मालगाड़ी की चपेट में आ गए।

जब पुलिस कार्रवाई कर रही थी, तब युवक पुलिस के डर से भाग रहे थे। हालांकि, जैसे ही वे ओल्ड पालघर में जैन मंदिर के पास पहुंचे, तीनों युवक मालगाड़ी की चपेट में आ गए।

इस घटना में तीनों की मौत हो गई। लेकिन इस घटना के बाद, मृतकों के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसमें पुलिस कार्रवाई या गिरफ्तारी के डर से युवक रेलवे ट्रैक की ओर भागे। हालांकि, उसी समय, उन्हें मालगाड़ी के ट्रैक पर गुजरने का अंदाजा नहीं था और यह हादसा हो गया, ऐसा मृतक युवकों के परिजनों ने दावा किया है।

# ‘गैस बंद हो जाएगी’ का मैसेज, लिंक पर किया क्लिक और अकाउंट खाली

- **महिला के 3 लाख रुपये डूबे**

**कल्याण.** डोंबिवली में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जिसमें एक कामकाजी महिला को ‘महानगर गैस’ का बिल न भरने का डर दिखाकर 2 लाख 99 हजार 500 रुपये की ठगी कर ली गई। इस मामले में रामनगर पुलिस स्टेशन में एक अनजान व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### SMS के जरिए जाल में फंसाया

पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के मुताबिक, डोंबिवली के सुनीलनगर इलाके में रहने वाली कामकाजी महिला स्मिता राणे को पिछले हफ्ते उनके पति के मोबाइल पर एक SMS आया। ‘आपने जो महानगर गैस का बिल भरा है, वह हमें नहीं दिख रहा है। मैसेज में चेतावनी दी गई थी कि अगर आपने तुरंत अपडेट नहीं किया, तो




आपका गैस कनेक्शन काट दिया जाएगा। गैस की कमी की मौजूदा चर्चा ने पहले ही चिंता पैदा कर दी थी, इसलिए स्मिता राणे ने जल्दी से मैसेज में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया।

### लिंक भेजो और कार्ड की जानकारी पाओ

फोन पर मौजूद व्यक्ति ने खुद को महानगर गैस कंपनी का प्रतिनिधि बताया और उन्हें अपने भरोसे में ले लिया। उसने कहा कि टेक्निकल दिक्कतों की वजह से उनका बिल सिस्टम में नहीं दिख रहा है और उन्हें इसे ऑनलाइन प्रोसेस करना होगा। बात करते-करते जालसाज ने उन्हें एक लिंक भेजा। लिंक खोलने के बाद स्मिता राणे ने अपने डेबिट और क्रेडिट कार्ड की जानकारी भर दी।

### खाते से तीन लाख रुपये निकल गए

इसके बाद जालसाज ने उन्हें फोन पर यह कहकर बिज़ी रखा कि प्रोसेस पूरा नहीं हुआ है। इसी बीच उनके क्रेडिट कार्ड से 2 लाख रुपये और डेबिट कार्ड से 99,500 रुपये, कुल 2 लाख 99,500 रुपये उनके खाते से निकल गए। कुछ देर बाद मोबाइल पर बैंक ट्रांजैक्शन का मैसेज आने पर स्मिता राणे को ठगी का एहसास हुआ। घटना के बाद वे तुरंत रामनगर पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात साइबर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### स्व. अनिल घाग को प्रथम पुण्यस्मरण पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**ठाणे.** स्व. अनिल (बाळा) घाग, संस्थापक अध्यक्ष श्री शिवसमर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट, ठाणे के प्रथम पुण्यस्मरण के अवसर पर दिनांक 13 मार्च 2026 को श्री हनुमान शनि मंदिर, कामगार हॉस्पिटल नाका, रोड नंबर 33, वागले एस्टेट, ठाणे में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम व्यवस्थापकीय विश्वस्त लीलाधर सातोसे, ट्रस्ट के विश्वस्त मंडल, जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों तथा मित्र परिवार की उपस्थिति में भावुक वातावरण में संपन्न हुआ।

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में ज्येष्ठ नगरसेवक दिलीप बारटक्के, नगरसेविका अनिता दयाशंकर यादव, शिवशांति प्रतिष्ठान और शिव परिवार के संस्थापक एडवोकेट विनय कुमार सिंह, बांधकाम व्यवसायी मिलिंद कांबळे, अभियंता संजय पाटील,दीपक पाठक तथा पत्रकार अर्जुन चेमटे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# धमकी के चलते शख्स ने किया सुसाइड

**कल्याण.** अश्लील तस्वीरें बनाकर सोशल मीडिया पर फैलाने और बदले में पैसे ऐंठने की धमकी से तंग कल्याण ईस्ट के एक 45 साल के नागरिक ने अपने घर पर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। इस मामले का खुलासा नागरिक के मोबाइल फोन पर हुई बातचीत और उसे मिले ईमेल से हुआ है। कोलसेवाड़ी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दो महीने पहले विट्ठलवाड़ी इलाके में रहने वाले हेमंत दयाशंकर पांडे (45) ने कैलाशनगर इलाके में अपने पुराने घर में पंखे के कवर से फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। इस मामले में कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

हेमंत के बड़े भाई राजेश पांडे ने इस बारे में कोलसेवाड़ी पुलिस




स्टेशन में दर्ज शिकायत में कहा है कि हमने उसके दोस्त से पूछा कि हेमंत ने सुसाइड क्यों किया। उस समय एक दोस्त को लगा कि हेमंत किसी साइबर क्राइम में शामिल हो गया है। हेमंत को दो लाख रुपये की ज़रूरत थी। उसने मुझसे एक लाख 60 हज़ार रुपये मांगे थे। उसके पास 40 हज़ार रुपये थे। हेमंत कह रहा था कि अगर उसने यह रकम समय पर नहीं दी, तो बहुत बड़ी प्रॉब्लम हो जाएगी, ऐसा दोस्त ने राजेश को बताया।

इस जानकारी के बाद राजेश पांडे और उनके परिवार ने हेमंत पांडे का मोबाइल और उनका ईमेल चेक किया। उस समय चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। हेमंत को ईमेल के ज़रिए उनकी अश्लील तस्वीरें भेजी गई थीं। सामने वाला व्यक्ति इन अश्लील तस्वीरों को सर्कुलेट करने की धमकी देकर हेमंत से पैसे मांग रहा था। अगर यह पैसे समय पर नहीं दिए गए, तो सोशल मीडिया पर बदनाम करने की धमकी दी गई। उसके बाद परिवार ने हेमंत का मोबाइल चेक किया। उसमें भी सामने वाले अनजान व्यक्ति ने उसकी अश्लील तस्वीरें इकट्ठा करके उन्हें सर्कुलेट करने की धमकी दी थी।

हेमंत को लगा कि अगर उसने पैसे नहीं दिए, तो उसकी अश्लील तस्वीरें सर्कुलेट हो जाएंगी और उसकी इज़्ज़त खराब हो जाएगी। परिवार ने बैंक के ज़रिए हेमंत के बैंक अकाउंट के ट्रांज़ैक्शन चेक किए। उस समय, अप्रैल 2025 से जून 2026 के बीच उनके अकाउंट में बड़ी रकम का ट्रांज़ैक्शन हुआ था। यह रकम किसी अनजान व्यक्ति ने उनके अकाउंट में ट्रांसफर की थी। उस अनजान व्यक्ति ने हेमंत को सोशल मीडिया पर गंदी तस्वीरें फैलाने की धमकी दी थी। उसने इन मीडिया के ज़रिए पैसे ऐंठने की कोशिश की थी। परिवार ने उस अनजान व्यक्ति के ख़िलाफ़ शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें शक है कि हेमंत पांडे ने इतनी बड़ी रकम न दे पाने की निराशा के कारण आत्महत्या कर ली।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई

**ठाणे.** मुंब्रा क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को देखते हुए ट्रैफिक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अतुल आहेर के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। खास तौर पर एम.एम. वैली रोड पर तेज रफ्तार, स्टंटबाजी और लापरवाही से वाहन चलाने वाले युवकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि एम.एम. वैली रोड पर कुछ युवक देर रात तेज रफ्तार में बाइक चलाते हैं और सड़कों पर खतरनाक स्टंट करते हैं, जिससे आम नागरिकों की जान को खतरा पैदा हो रहा है। इस पर संज्ञान लेते हुए ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का फैसला लिया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अतुल आहेर ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। जो भी युवक सड़कों पर स्टंट करते या लापरवाही से वाहन चलाते हुए पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ चालान, वाहन जब्ती और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही मुंब्रा बाइपास रोड पर भी ट्रैफिक पुलिस की विशेष नजर रखी जा रही है। यह मार्ग तेज रफ्तार वाहनों और लगातार हो रहे हादसों के कारण संवेदनशील माना जाता है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यहां नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है। अगर किसी को कम उम्र का बच्चा बाइक चलाते हुए दिखाई दे या एक बाइक पर दो से अधिक लोग सवार नजर आए, तो उसका फोटो या वीडियो बनाकर तुरंत मुंब्रा ट्रैफिक पुलिस को सूचित करें.

# ठाणे पुलिस का महिलाओं के लिए ‘सुरक्षा कवच’

**ठाणे.** विश्व महिला दिवस पर ट्रैफिक ब्रांच सोशल कमिटमेंट को बनाए रखते हुए हेलमेट सेफ्टी की पहल कर रही है। महिला शक्ति के सम्मान में रोड सेफ्टी कैंपेन के तहत पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं के साथ-साथ सड़कों पर ड्यूटी पर तैनात महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को हेलमेट बांटे जाएंगे।

यह प्रोग्राम रविवार 15 मार्च को सुबह 10 बजे कापूरबावड़ी के सिनेवांडर मॉल में मंथन हॉल में आयोजित किया गया है। ऑर्थोपेडिक स्पेशलिस्ट की तरफ से महिलाओं के लिए एक फ्री हेल्थ कैंप भी लगाया गया है।यह प्रोग्राम ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण के गाइडेंस में,पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक पंकज शिरसाट की पहल पर आयोजित किया गया है। इस पहल से महिलाओं में सड़क सुरक्षा और हेलमेट के इस्तेमाल का संदेश जाएगा और उन्हें सड़क हादसों से बचाया जाएगा। इस मौके पर महिलाओं के लिए बोन डेंसिटी नाम का एक फ्री हेल्थ कैंप भी लगाया गया है।पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने कहा।

# व्यापारी से 2 लाख रुपये का मांगा हफ्ता

- **क्राइम ब्रांच ने 2 लोगों को किया गिरफ्तार**

**ठाणे.** क्राइम ब्रांच, यूनिट 5 वागले, ठाणे को दो लोगों से शिकायत मिली कि वे गौरव स्वीट्स दुकान के मालिक से 5,00,000 रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं।

इस एप्लीकेशन की जांच के बाद पता चला कि दो लोग स्वीट दुकान से हप्ता मांग रहे थे। क्राइम ब्रांच, वागले यूनिट 5, ठाणे ने वसंत विहार स्कूल, ठाणे के सामने चौक पर जाल बिछाया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। 1) सुशांत संजय सुर्वे, उम्र 30



साल, बिज़नेस एजेंट, Res. 1203, ओलिविया वेरिटोन, B. विंग, मानपाड़ा, ठाणे (W.) 2) अक्षय जयंत करंजावकर, उम्र 35 साल, बिज़नेस एजेंट, Res. 602, सौरभ टावर, कोलबाद रोड, प्रताप सिनेमा के पास, ठाणे (W.)दुकान मालिक से समझौते के बाद, उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया गया। 13/03/2026 को 2,00,000/- रुपये की फिरौती लेते समय। उसके खिलाफ चितलसर पुलिस स्टेशन में इंडियन पीनल कोड (IPC) की धारा 308(2), 3(5) के तहत केस दर्ज किया गया है और दोनों आरोपियों को 16/03/2026 को पवेटो पुलिस सेल में कस्टडी में भेज दिया गया है। क्राइम की आगे की जांच सब-इंस्पेक्टर पल्लवी धागेपाटिल, क्राइम ब्रांच, यूनिट 5, वागले, ठाणे कर रही हैं।यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम) डॉ. पंजाबराव उगले, पुलिस उपायुक्त (A.G.S./एड. इंचार्ज क्राइम ब्रांच) पराग मनेरे,सहायक पुलिस आयुक्त क्राइम शेखर बागड़े, सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच सलील भोसले यूनिट 5, वागले के मार्गदर्शन में की गई।सहायक पुलिस निरीक्षक सपोनी पल्लवी आदि।

# फिल्म इंडस्ट्री को लेकर तनुश्री दत्ता का गंभीर दावा

- **कहा-शोबिज में कई कलाकारों का इस्तेमाल हो जाता है**
- **कुछ तो प्रॉस्टिट्यूशन में चले जाते हैं**

एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री (शोबिज) में नए कलाकारों के शोषण को लेकर गंभीर दावे किए हैं। उन्होंने कहा कि मनोरंजन जगत में कई नए लोगों के साथ शोषण होता है और कुछ को तो देह व्यापार तक धकेल दिया जाता है। यूट्यूब चैनल मेरी सहेली के साथ बातचीत में तनुश्री ने कहा कि इंडस्ट्री में आने वाले कई नए लोगों को पहले तारीफों और बड़े वादों से आकर्षित किया जाता है। उन्होंने कहा, “किसी को कहा जाता है कि आप हीरोइन बनेंगे या बड़े स्टार बनेंगे, लेकिन कई बार यही बातें आगे चलकर एक जाल की शुरुआत बन जाती हैं।”



तनुश्री के अनुसार, कई लोग पहले नए कलाकारों की तारीफ करते हैं और फिर उन्हें अलग-अलग लोगों से मिलने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे माहौल में कलाकारों को बहुत संयम और सावधानी के साथ आगे बढ़ना पड़ता है।

### ‘यहां लालच का तरीका अलग होता है’- तनुश्री

तनुश्री ने कहा कि बचपन में माता-पिता जो सावधान रहने की सीख देते हैं, वह बड़े होने के बाद भी लागू होती है। उन्होंने कहा कि जैसे बच्चों को अनजान लोगों के साथ न जाने की सलाह दी जाती है, वैसे ही इंडस्ट्री में भी सतर्क रहना जरूरी है।

# अनधिकृत फेरीवालों के खिलाफ शिवसेना नगरसेवक आक्रामक

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र में बढ़ती हुई अनधिकृत फेरीवालों की समस्या को लेकर शिवसेना (शिंदे) के नगरसेवक गजानन पाटील आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक हफ्ते के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। महानगरपालिका के पैनल नंबर 31 के अंतर्गत आने वाले लोढा हेवन, कासारियो और आसपास के इलाकों में सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर बड़ी संख्या में अनधिकृत फेरीवाले और



साप्ताहिक बाजार लगने लगे हैं। इससे स्थानीय नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर अतिक्रमण बढ़ने के कारण यातायात जाम, पैदल चलने वालों को दिक्कत और स्वच्छता संबंधी समस्याएं भी पैदा हो रही हैं। इस संबंध में नागरिकों की ओर से बार-बार शिकायतें की जा रही हैं। नगरसेवक गजानन पाटील का आरोप है कि उन्होंने इस विषय पर कई बार महानगरपालिका को लिखित शिकायतें और आवेदन दिए, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस दौरान गजानन पाटील ने महानगरपालिका के कुछ अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि रिश्वत लेकर कुछ अधिकारी अनधिकृत फेरीवालों और साप्ताहिक बाजार को जारी रखने में मदद कर रहे हैं, ऐसी चर्चा नागरिकों के बीच चल रही है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन तुरंत इस मामले पर ध्यान देकर कार्रवाई करे। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस मुद्दे को मनपा की आगामी महासभा में उठाएंगे और पूरे शहर में व्यापक फेरीवाला हटाओ अभियान चलाने की मांग करेंगे। यदि एक हफ्ते के भीतर अनधिकृत फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो स्थानीय नागरिकों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।






In Loving Memory of
**SHRI PURANDAS KUKREJA**
(Brother of Pritamdas Kukreja)

PLEASE JOIN US TO HONOUR A LIFE WELL LIVED

PRAYER-MEET & MARKA PAGDI CEREMONY
Sunday, 15th March 2026
Timing : 5:00 to 5:30 p.m.

C Block Road Sachkhand Gurudwara Kailash Nagar chowk, Ulhasnagar, Maharashtra 421002

Ladies and gentlemen, your presence is humbly solicited

FONDLY REMEMBERED BY
Pritam Kukreja (Brother of Purandas Kukreja)
Sons: Jetho, Mahesh, Pappu & Rajesh Kukreja

The entire Kukreja Family




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099